भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 3185
गुरूवार, 27 मार्च, 2025/6 चैत्र, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

हम्पी में ट्रैवलर नुक्स की स्थापना

3185 श्री नारायण कोरागप्पाः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या वर्ष 2023-24 में स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के तहत हम्पी में ट्रैवलर नुक्स स्थापित करने को मंजूरी दी गई थी;

(ख) यदि हां, तो परियोजना की स्वीकृत लागत का ब्यौरा क्या है; और

(ग) परियोजना के पूरा होने की अनुमानित तिथि क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ग): जी हाँ, पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत कर्नाटक राज्य के हम्पी में 'ट्रैवलर नूक्स की स्थापना' नामक परियोजना के लिए 25.64 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। इस परियोजना के अंतर्गत स्वीकृत पहलों में नॉबल नूक, रॉयल नूक, इंपीरियल नूक और सूचना प्रौद्योगिकी आदि से संबंधित घटक शामिल हैं।

अनुमोदित अनुभव को एकल परियोजना के रूप में विकसित, संचालित तथा प्रबंधित किया जाएगा और राज्य कार्यान्वयन एजेंसी यह कार्य 'पर्यटन अनुभव विकास और प्रबंधन एजेंसी' (टीईडीएमए) को सौंपेगी। टीईडीएमए को कार्य सौंपे जाने के एक वर्ष के भीतर इस अनुभव के विकसित होने की अपेक्षा है।

****